# नया संसद भवन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय : योगी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नया संसद भवन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय है। संसद का नया भवन नए भारत की आशाओं और अपेक्षाओं की पूर्ति का प्रतीक भी है।

संसद भवन के उदघाटन समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर पवित्र सेंगोल को भारत के न्याय, निष्पक्षता, संप्रभुता और सामर्थ्य का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने लिखा 'ऐतिहासिक क्षण! 'नए भारत' की आशाओं, अपेक्षाओं और अभिलाषाओं की पूर्ति का प्रतीक, वैभवशाली, गौरवशाली व प्रेरणादायी नए संसद भवन को आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र को समर्पित किया है। सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई।' सीएम ने पवित्र 'सेंगोल' को भारत के न्याय, निष्पक्षता, संप्रभुता और सामर्थ्य का प्रतीक बताते हुए लिखा है कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



**सीएम ने कहा, नए भारत की आशाओं और अपेक्षाओं की पूर्ति का प्रतीक है नया संसद भवन**

नए संसद भवन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पावन 'सेंगोल' की स्थापना भारत की सांस्कृतिक धरोहरों और उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सभी देशवासियों के आदर और विश्वास की समेकित अभिव्यक्ति है। आजादी के अमृतकाल में, भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ता यह राष्ट्रीय कार्य 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के भाव को और अधिक संवर्धित करेगा।

## बारिश-आंधी से प्रभावित लोगों को तुरंत मदद पहुंचाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बरसात और आंधी से प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। योगी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता तुरंत दी जाए। उन्होंने विभिन्न जिलों में आंधी और बरसात के मद्देनजर राहत कार्य संचालित करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा है, पशुधन की हानि हुई है उन्हें तुरंत नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं। फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्यूरो